**खबर संक्षेप**

## साहू समाज मंडला ने की अनुकरणीय पहल



**मण्डला।** जिले में प्रतिभा को सम्मान और प्रोत्साहन देने की एक सराहनीय मिशाल साहू समाज मंडला ने की है। माध्यमिक शिक्षा मंडल 2026 बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं गणित संकाय 96.6% के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली होनहार बेटी कृति साहू का साहू समाज के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से सम्मानित किया एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है यह साहू समाज एवं मण्डला के लिए गर्व की बात है। समाज के सदस्य नवनीत साहू ने बताया कि बेटी कृति भविष्य में (IAS) में जाने का सपना रखती है इसके लिए साहू समाज मंडला अगले 3 साल की पढ़ाई में होने वाले सम्पूर्ण शैक्षणिक खर्च को सामाजिक फण्ड से वहन करेगा। समाज का यह प्रोत्साहन अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देगा। इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जलगंगा संबर्धन योजना के तहत बस स्टेड में हुई प्याऊ की शुरूआत



**भुआबिछिया।** विगत सप्ताह से प्रचंड गर्मी तेज धूप के चलते राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के स्थानीय बस स्टैंड में तेज धूप ओर गर्मी से निजात पाने प्याऊ की शुरूआत की गई इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी पार्षद शशि कांत श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता सुनील गर्ग (पत्रकार)नलजल प्रभारी अशोक यादव ने बस स्टेड में प्यासे लोगो को पानी पिलाकर प्याऊ की शुरूआत की ओर बताया कि पूरे नगर में के सर्वजनिक स्थानों चौक चौराहों में सभी जगह शीघ्र प्याऊ खोले जाएंगे, इस अवसर पर बस स्टेड में प्याऊ की शुरूआत करते समय बस स्टैंड के व्यापारी दुकानदार यात्री उपस्थित थे बस स्टेड में प्याऊ की शुरूआत से सभी ने खुशी व्यक्त की।

### कलेक्टर ने देरी पर जताई नाराजगी

# मेडिकल कॉलेज निर्माण जून 2027 तक पूरा करें

*** ड्राइंग मैप और पीपीटी से लिया प्रोजेक्ट का जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सोमवार को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले मुख्य ड्राइंग मैप से पूरे कंस्ट्रक्शन एरिया का ओवरव्यू लिया। इसके बाद निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और कंस्ट्रक्शन कंपनी बीपीसी इंफ्रास्ट्रक्चर की टेक्निकल टीम के साथ बिल्डिंग से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन देखकर प्रोजेक्ट की प्रगति, डिजाइन और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री धोटे ने निर्माणाधीन भवनों के अंदर जाकर चल रहे सिविल वर्क, फिनिशिंग और अन्य कार्यों का बारीकी से निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने निर्माण कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विलंब के कारणों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को जून 2027 तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम में तेजी लाएं। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और नियमित रूप से लैब टेस्ट कराए जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सीमेंट, गिट्टी, रेत जैसी सामग्री स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से ही ली जाए, जिससे जिले के लोगों को भी इस बड़े प्रोजेक्ट का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार हिमांशु भलावी सहित पीडब्ल्यूडी एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।





ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व भोपाल से ही आये विभाग के उच्चाधिकारी भी निर्माण कार्य की गति को देखकर नाराज हुये थे वे भी मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का जायजा लेने मण्डला प्रवास पर आये हुये थे उन्होंने भी निर्माण एजेंसी को समय पर कार्य पूरा करने की हिदायत दी थी उसके बावजूद निर्माण कार्य की न तो गति बढ़ी और न ही व्यवस्था में सुधार हुआ अब देखना है कि कलेक्टर की चेतावनी के बाद क्या फर्क पड़ता है।

## केबिनेट मंत्री कल मेधावी विद्यार्थियों को करेगी सम्मानित

**मण्डला।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रदेश स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदाय कर सम्मानित करेंगी। सम्मान समारोह 22 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से जिला योजना भवन में आयोजित किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में उमेश पड़वार, अदिति उसराठे, कृतिका तिवारी, पूजा धुर्वे, नमन जंघेला, संभव जैन तथा हायर सैकेण्डरी प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में कृति साहू है। इसी प्रकार जिला स्तरीय हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में अनन्या पटैल, साहिल बघेल, राहिन खान, आदया अग्रवाल, एलिजा खान, अनामिका झारिया, याग्ना अहिरवार, रिचा पटैल, जिला स्तरीय हायर सैकेण्डरी प्रावीण्य सूची में स्वाती श्रीवास, मीना तिलगाम, भूमिका मरकाम, अनुष्का अग्रवाल, शगुन पटैल, गौरव पटैल, रिचा पटैल, हर्ष बन्देवार, साक्षी साहू, श्वेता केवट, आस्था अग्रवाल, माखन भांवरे एवं कीर्ति साहू शामिल है।

# गढ़ी टोला में रोका गया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



तहसील बिछिया के ग्राम देई के गढ़ी टोला में बाल विवाह की सूचना बाल विवाह प्रतिषेध कंट्रोल रूम को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों और पुलिस को तत्काल अवगत कराया गया, जिसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने विवाह स्थल पर पहुंचकर बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह करने, करवाने या उसमें सहयोग करने वालों के लिए 1 लाख रुपये तक का जुर्माना और 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों का प्रावधान है।

प्रशासन द्वारा लड़के पक्ष को भी फोन के माध्यम से समझाइश दी गई। समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने बाल विवाह नहीं करने की सहमति जताई। इसके उपरांत पंचनामा तैयार कर सभी संबंधित पक्षों की सहमति ली गई।

इस कार्रवाई में पुलिस प्रशासन से थाना प्रभारी, आरक्षक एवं महिला आरक्षक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती संध्या मरकाम एवं स्काई सोशल संस्था जेंडर जस्टिस प्रोग्राम से श्रीमती संगीता डुंगडुंग उपस्थित रहीं। प्रशासन की तत्परता से एक संभावित बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोका गया।

## समर चालिया एवं चालीस दिन का अखण्ड पाठ प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

श्री अमृतवेला सत्संग समिति के द्वारा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को प्रातः समर चालिया महोत्सव का आरंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के द्वारा चालीस दिन का अखण्ड पाठ प्रारंभ किया गया। अखण्ड पाठ प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य सभी परिवारों की सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए कामना करना है एवं बच्चों को भी आध्यात्म की राह में जोड़ना है। आयोजन के अवसर पर शामिल संगत के द्वारा श्री ग्रंथ साहिब जी की आरती पूजा, अरदास की गई और सभी परिवारों की सुख शांति के लिए कामना की गई।

श्री अमृतवेला सत्संग समिति के द्वारा बताया गया कि साल में दो बार चालिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है। एक ग्रीष्मकाल में समर चालिया एवं दूसरा शीतकाल में चालिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है। चालिया महोत्सव को सभी आस्था प्रेमियों के द्वारा श्रद्धा भक्ति भाव से मनाया जाता है।

समर चालिया का मुख्य उद्देश्य बच्चों को धार्मिक आस्था, आध्यात्म की तरफ जोड़ना है। चालीस दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बच्चों के स्कूल के अवकाश होने के कारण बच्चे इसमें अधिक समय दे सकते हैं। बच्चे मोबाइल से दूर रहकर आध्यात्म की राह से जुड़ सके। कार्यक्रम के अंत में गुरु प्रसाद जी का वितरण किया गया।समर चालिया महोत्सव का समापन 29 मई को किया जाएगा।

### 11 वर्षों से नियमित रूप से चल रहा अमृतवेला सत्संग

मानव जीवन की व्यस्त दिनचर्या में अपने लिए समय निकालकर ध्यान और एकाग्रता में लीन होना महत्वपूर्ण पहलू है। आध्यात्म की राह में प्रातः काल सिमरन, नाम, जाप का विशेष महत्व है क्योंकि यह समय मन को एकाग्र और आध्यात्मिक की राह में ले जाता है। इसी अलख को जगाते हुए श्री अमृतवेला सत्संग समिति 11 वर्षों से अमृतवेला का आयोजन कर रही है। अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में रोजाना सुबह 4 बजे से प्रातः सुखमनि पाठ, जगजीत साहिब, चौपाई साहिब, सिमरन, आरती, अरदास एवं आध्यात्मिक क्रियाओं को शामिल किया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में पड़रिया रंगमंच में जल मंदिर प्याऊ का किया गया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जल गंगा संवर्धन अभियान के जल शक्ति से नवभक्ति शुद्ध जल स्वच्छ जल जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम विकासखंड नारायणगंज जिला मंडला के द्वारा जनपद पंचायत परिसर नारायणगंज में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नारायणगंज की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पड़रिया के सहयोग से ग्राम की महिला मंडल द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) को स्थापित किया गया इस जल मंदिर प्याऊ को स्थापित करने का साफ उद्देश्य जनपद पंचायत में आ रहे जन समुदाय को शुद्ध व ठंडा पेय जल उपलब्ध कराना है उपस्थित जन समुदाय से भी अपील की गई कि पानी का सद उपयोग करें तथा प्यासे पशु पक्षी और जन मानस को जल पिलवाएं। इसी मुहिम के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड नारायणगंज की टीम के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूर्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड के कई ग्रामों में किया जा चुका है वर्तमान समय में परिषद के जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी जी एवं विकासखंड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया जी के निर्देश अनुसार जल सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें जनपद पंचायत नारायणगंज के अध्यक्ष आशाराम भारतीया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पड़रिया के सदस्य तथा सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं परामर्शदाताओं की विशेष भूमिका देखी जा रही है ग्राम पड़रिया के जल मंदिर स्थापना कार्यक्रम में परामर्शदाता राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सुरेश सोनी, सुमित हथाले, आशना सिंगरौरे अरविंद चौकसे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**आयोजन** | रामंदिर परिसर में पूजन महाआरती एवं भण्डारे का हुआ आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव






*** 12 वर्ष पश्चात होगा सामूहिक यज्ञोपवीत का कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

कल प्रातः काल से ही नगर के राम मंदिर में भगवान परशुराम जी के जयकारे के साथ भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा को साक्षी मान धार्मिक अनुष्ठान राम मंदिर के विशिष्ट आचार्य पंडित दिलीप गर्ग ओर पंडित अवधेश मिश्रा के मंत्रोपचार से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रजनीश पांडे ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजन हवन रुद्राभिषेक महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया, इस अवसर पर नगर वरिष्ठ विनोद चौबे दमरी उपाध्याय अशोक ज्योतिषी, केके पांडे, सुनील गर्ग, चंद्रिका उपाध्याय, अशोक बाजपेई अशोक पांडे, नीरज भट्ट, आजाद चौबे, अभिषेक पांडे, रमाकांत दुबे अभय गर्ग, युवा नेतृत्व अध्यक्ष दीपक दीपक पांडे दीपक कटारे दीपक द्विवेदी, चंद्रकांत शर्मा नीरज मिश्रा अरविंदर उपाध्याय विवेक पांडे, सहित सैकड़ों ब्राह्मण परिवार के साथ घुटास, सिझौरा, मवई आसपास से आए ब्राह्मण परिवार युवा ओर वरिष्ठ महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी सभी की उपस्थिति कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के दौरान सभी हवन पूजन कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया।

इस वर्ष विगत एक सप्ताह से प्रचंड गर्मी तेज धूप के चलते समिति ने प्रतिवर्ष नगर में निकलने वाली शोभायात्रा स्थगित कर राम मंदिर परिसर में ही वृहद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया जिसे समाज ने स्वीकार किया।

### 27 अप्रैल को होगा ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपयित संस्कार

इस वर्ष समिति ने ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम 27 अप्रैल को रखा गया है जिसमें बिछिया क्षेत्र सहित अनेक स्थानों जिलों से ब्राह्मण बटुक बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराने आव्हान किया उसी दिन यज्ञोंपवीत बटुक बालको की शोभा यात्रा निकाली जाएगी यह कार्यक्रम 12 वर्षों पश्चात किया जा रहा इसके पूर्व हनुमानलला हनुमान मंदिर में वर्ष 2013 में बसंत पंचमी को किया गया था, लंबा समय होने के कारण इस बार यज्ञोपवीत कराने समाज में उत्साह बना हुआ है। इस पुनीत कार्य में नगर सहित जिले भर के ब्राह्मण समाज शामिल होगा।

## निवास तहसील में जनगणना प्रशिक्षण जारी प्रगणकों को बताई जा रही फील्ड की बारीकियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले की निवास तहसील में वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित जनगणना को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। प्रथम चरण के तहत मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, निवास में प्रारंभ हो गया है।

यह प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी सी.एल. वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार दिनेश वरकड़े, सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी नायब तहसीलदार बबलिया कैलाश कोल, नायब तहसीलदार निवास सुश्री सुस्मिता उइके तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार दुबे के निर्देशन में प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शुरू हुआ।

प्रशिक्षण को तीन चरणों में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण 15 अप्रैल से, द्वितीय चरण 19 अप्रैल से तथा तृतीय चरण 23 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इसमें विकासखंड निवास, नारायणगंज और बीजाडांडी के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को फील्ड में जाकर कार्य करने की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान नजरी नक्शा तैयार करने, मकान गणना एवं सूचीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया जा रहा है।

द्वितीय चरण के प्रथम दिवस जिले के मास्टर ट्रेनर सहायक प्राध्यापक रामसिंह धुर्वे, संजय सोनी (भोपाल) एवं योजना अधिकारी मंडला सिरसे द्वारा प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

फील्ड ट्रेनर्स के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुनील कुमार दुबे, डॉ. ज्ञानेंद्र बढ़गैयां, प्रेम किशोर तिवारी, खिलाड़ीराम झरिया, डॉ. मुकेश दुबे एवं सुश्री नीलांजना दुबे प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

प्रशिक्षण के सफल संचालन में तहसील कार्यालय से तारेंद्र बैरागी, देवेश तेकाम, अनिल मारको, यशवंत झारिया, राजस्व निरीक्षक श्री सोनवानी, श्री मरावी, श्री उमेश मढेले एवं कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर हेमंत मरावी तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किए गए हैं।

### स्व-गणना में भाग लेने की अपील

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रही स्व-गणना में अधिक से अधिक लोग भाग लें। इसके लिए नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वयं अपना फॉर्म भर सकते हैं। साथ ही 1 मई से 31 मई तक होने वाले मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य में प्रगणकों का सहयोग करने की भी अपील की गई है।

खबर संक्षेप

## नगर की सड़कों पर पशुओं का टकराव जारी, वाहन चालकों की मुसीबतें बढ़ी



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जहां एक ओर नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी ओर आवार जानवरों के शहर भर में विचरण करने से भी यातायात काफी हद तक प्रभावित होते हुए देखी जा रही है। इस सच्चाई को स्थानीय अखबारो द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई पहल न होना निश्चित ही चिंताजनक सच्चाई सामने आ रही है? जबकि गौर किया जावे तो नगर के लोगों द्वारा लम्बे अरसे से हस प्रकार आवारा घुमने वाले पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये गुहार लगायी जाती रही है मगर इस ओर नपा प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम हे कि आवारा जानवर सड़को पर मस्ती के मूढ में आते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक रहे है। जबकि लोगों की मांग है कि इन आवारा जानवरों को पकड़ने की व्यवस्था कर उत्पाती पशुओं को कांजी हौस में बन्द कर पशु पालकों को सबक सिखाये, मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा नगर में स्वच्छंद घूमने वाले जानवरों को नियंत्रण मे रखने के संबंध में कोई पहन न करना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है। वर्तमान में देखा जावे तो नगर के स्टैट स्तर के हाइवे मेन बाजार सहित जनपद कार्यालय व बच्चों के स्कूलों के आसपास दिन रात आवार जानवर आतंक मचाते नजर आ ही रहे है, इसके अलावा रात के समय में नगर की शालाओं के परिसरों, थाना प्रांगण, शासकीय कार्यालयों के घेरों में भी घरों से बेदखल जानवरों का जमावड़ा दिखायी पड़ने से नही चूक पा रहा है। नगर की मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों की सड़को पर घूमने वाले इन पशुओं में आपसी लड़ाई का नजारा तो इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह घंटो तक नगर की सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूकते है, जिसके चलते नगर की सड़को से निकलने वाले वाहन चालक असुरक्षित हो जाते है, क्योंकि इस प्रकार से मुख्य मार्गो पर मटर गस्ती के रूप में भ्रमण करने वाले पशुओं के कारण आये दिन स्कूली छात्र छात्राओं सहितत आम लोगों को घायल होते हुए देखा जाता है। इसी के चलते नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि वह अवारा जानवरों को चिन्हित कराये तथा उन्हे उन बेरहम पशु पालकों के हवाले करे जो दूध देने वाली गाय के गले मे तो घंटी बाँध उसकी पूजा करते है पर जैसे ही उसने दूध देना बन्द किया निर्मम ढंग से उसे आवारा जानवरों की जमात मे शामिल कर देते है।

## जर्जर होते हुये चली जा रही पुलिया की ओर नही दिया जा रहा ध्यान, किसी दिन बड़ी घटना का कारण बन सकती है पुलिया

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब किसी क्षेत्र में अच्छी सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुये सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है तो उस क्षेत्र के लोग खुशी के मारे फूल नही समाते है। मगर शासन करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाई जाने वाली सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता अपनाई जाती है उस समय किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सड़क निश्चित ही चंद दिनों में ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से उदयपुरा होते हुये प्रदेश की राजधानी जाने वाले स्टैट हाईबे स्तर के मार्ग पर भी आसानी से देखने मिल रही है। क्योंकि बीते हुये कुछ वर्ष पहले जब ग्राम पिठहरा से उदयपुरा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर झिकोली के पास नर्मदा नदी में पुल का निर्माण हो जाने के कारण इस मार्ग की उपयोगिता अपने आप ही बढ़ गई थी। इसी के चलते इस मार्ग को प्रदेश स्तर के मार्ग में शामिल करते हुये शासन द्वारा करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था, मगर इस मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान वर्षो पुरानी पुलिया को पुनः निर्माण करने की जगह उसी पुलिया के ऊपर से सड़क का निर्माण करने में कोई कसर छोड़ी गई थी। इस सच्चाई को लेकर लगातार उस समय आवाज उठाये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच ग्राम पिठहरा के समीप हेदर शुगर मिल के पास वाली यह पुलिया लगातार जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहे है।

## कौरव सेवा समिति की मेहनत ने सफलता के लगाये चार चांद

# अक्षय तृतीया की शुभ बेला में आयोजित कौरव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 18 जोडे बंधे अपने दाम्पत्य जीवन से













हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समस्त कौरव समाज द्वारा सेवा समिति के तत्वाधान में बीते हुये सोमवार यानि की अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आयोजित किये गये सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नगर की नई गल्लामंडी में आयोजित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में जिस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा कम समय में दिन रात एक करते हुये की गई मेहनत का परिणाम है कि एक ही परिसर में जहां 18 कन्याओं के हाथ पीले हुये देखे गये। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 18 जोड़ो ने जिस तरह अपने नये जीवन की शुरूआत की गई और उनके चेहरो पर बिखरती हुई मुस्कान से यह बात साबित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है कि क्षेत्र के समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल मझले भैया तथा गौतम सिंह पटैल के प्रयासों से आयोजित इस विवाह सम्मेलन से सेवा समिति के प्रयासों का सफल बना दिया गया है। कम समय रहते हुये की गई तैयारियों के बीच बारातियों से लेकर घरातियों को जहां अपने घर के आंगन में संपन्न होने वाले शादी समारोह के तरह अहसास होते हुये प्रतीत हो रहा था। वही दूसरी ओर बर बधु को आर्शीवाद देने के लिये जिस प्रकार से लोगों की हुजूम लगा हुआ था मानों बेटी के पिता का आंगन उसके रिस्तेदारों से भर गया हो। बीते हुये सोमवार को सुबह की बेला में समाज के आराध्य भीष्म पितामह की पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप क्षेत्र के तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल, समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, कौरव महासभा के जिला अध्यक्ष राव पवन सिंह, कौरव समाज के प्रदेश प्रतिनिधि राव वीरेन्द्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत गौतम सिंह पटैल, राव अजेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य मौना कौरव, महेन्द्र पटैल भैसा वाले, युवा मंडल के पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत कौरव, आनंद कौरव, गिरजा शंकर पगुआ, चंद्रकांत कौरव, कौरव सेवा समिति के सतीश कौरव, राजेश पटैल, पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव, आत्माराम कौरव, अरविंद ममार, के अलावा दूसरे प्रांत बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व ग्वालियार से आये हुये सामाजिक बंधु मौजूद रहे। इस मौके पर कौरव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर इस आयोजन को सफल बनाने में जहां सभी लोगों को अलग अलग दायित्व सौपे गये थें। इस प्रकार पूर्ण विधि विधान के साथ वर माला का आयोजन किया गया। वही के बाद कौरव समाज द्वारा शादी समारोहों के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रस्मों को पूर्ण रूप से संप्पन कराने के बाद पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल तथा समाज के पार्षद राजकुमारी/सतीश कौरव सहित अन्य लोगों ने सभी जोडों के पाव पखारते हुये आर्शीवाद दिया गया। वही दूसरी ओर सभी जोड़ो के लिये कौरव त्रिशा एग्रो द्वारा सभी जोडो के लिये घडी, डा विकास पटैल खैरी वालों के द्वारा सभी जोडों के लिये पंखा, सुरेन्द्र कौरव खैरी कामती द्वारा टिफिन बाक्स सेट, सूरज पटैल व अमित पटैल चारगांव द्वारा प्रेस, लूनावत ज्वेलर्स के संचालक चैतन्य लूनावल चिन्टू भैया द्वारा प्रत्येक जोडे को सोने की लौंग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व नरेन्द्र सिंह कौरव की स्मृति में उनके पुत्र सरपंच राहुल कौरव द्वारा मिक्सर ग्रेडर, संरक्षक सदस्य भागचंद बडकुर सिंहपुर द्वारा भगवान के सिहासन, विदिशा जिले के ग्राम सुनखेर से पधारे हुये अतिथि लेखराज सिंह कौरव द्वारा दीवार घडी, रेवाश्री बुक्स के संचालक प्रदीप व नीरज कौरव डिनर एवं कप सेट, वही पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा प्रत्येक जोडे के लिये ट्राली बैग, वही पंछी मोबाईल द्वारा घडी व बैग उपहार स्वरूप प्रदान किये गये। वही दूसरी ओर समाज के वरिष्ठ व तेंदूखेडा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल द्वारा प्रत्येक जोडे के खाते में 11 हजार रूपया की राशि प्रदान करने की घोषणा की गई। वही कार्यक्रम में सहयोग के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह पटैल द्वारा 51 हजार रूपया की राशि तो दूसरी ओर संदीप पटैल नरवारा द्वारा 5 खाम व पटली, महेन्द्र पटैल भैसा द्वारा 1 क्विंटल चावल, गिरिराज पटैल नरसरा द्वारा 4 क्विंटल गेंहू का सहयोग प्रदान किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सुरेन्द्र पटैल मझले भैया द्वारा कहा कि मुझे आज बडा सौभाग्य मिला है कि मैने एक साथ 18 बेटियों के हाथ पीले करते हुये उनका कन्यादान किया गया। आज यह मंडी प्रंगण मुझे अपने घर के आंगन से बेटी की बिदाई का अहसास दिलाने से नही चूक रहा है। क्योंकि बढ़ रही महंगाई के बीच निश्चित तौर से हर पिता को अपनी बेटी के हाथ पीले करने की चिंता रहती है। इसी बात को लेकर मेरे द्वारा निर्णय लिया गया था कि भले की कछु हो जावे मगर मै समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन तो कराऊगा। इस निर्णय पर मेरे पाई पप्पू भैया और गौतम सिंह पटैल के साथ कौरव सेवा समिति के सदस्यों ने समर्थन करते हुये चंद दिनों के अंदर की गई तैयारियों के बीच जिस तरह आयोजन सफल हुआ है। यह संपूर्ण मेहनत कौरव सेवा समिति व समाज के अनुभवी वरिष्ठ लोगों के सहयोग का परिणाम है। इस मौके पर सुरेन्द्र पटैल मझले भैया द्वारा आगामी वर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर कौरव समाज का सामूहिक विवाह संपन्न कराने की घोषणा भी की गई। इस तरह आयोजित हुये सामूहिक विवाह सम्मलन में सौ.का धुनकुंअर दिघोरी संग चि. दीपक भैरौपुर, सौ.का. ज्योति भैरोपुर संग चि. विकास तिंसरा करेली, सौ.का. संजना सिंसरा संग चि. लक्ष्मण दिघोरी, सौ.का. अंजली तिलवारा जबलपुर संग चि. कुलदीप दिघोरी, सौ.का. नेहा जबलपुर संग चि. आशु इमालिया कल्याणपुर, सौ.का. शिवानी नारगी संग चि. प्रमोद लिलवानी, सौ.का. जया लिलवानी संग चि. शिवम नारगी, सौ.का. रचना खडई संग चि दुर्गा प्रसाद सूरना, सौ.का सुषमा सूरना संग चि. सोनू खडई, सौ.का. रचना छीतापार संग चि. सुदीप बघौरा, सौ.का. वर्षा खैरी बघोरा संग चि. शिरयांश छीतापार, सौ.का. लक्ष्मी सिमरिया नयाखेडा संग चि. अंकित लिलवानी, सौ.का. प्रतिभा बांसखेडा संग राहुल पनारी, सौ.का. प्रतिभा भौरझिर संग चि. भरत आंडेगांव, सौ.का. हर्षिता ठुटी संग विनय बगलई, सौ.का. खुशी पतरकुही संग चि. शशिकांत भैरापुर, सौ.का. साक्षी कल्याणपुर संग चि. शिवम नरसरा, सौ.का. राजनंदनी हीरापुर संग चि. युवराज रायपुर का विवाह संपन्न हुआ। इस प्रकार से अपने दाम्यपत्य जीवन क शुरूआत करने वाले युगल जोडों को आयोजन में पधारे हुये हजारों सामाजिक बधुओं द्वारा हार्दिक बधाई देते हुये उज्जबल भविष्य की कामना की गई। इस समय पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुये कौरव समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नगर की कृषि मंडी स्थित प्लेट फार्म पर किया गया। मगर कहा जाता है कि जब कोई पुण्य व पवित्र कार्य करता है तो भगवान भी उसमें अपना सहयोग प्रदान करने मे पीछे नही रहते है। इसी के चलते जहां बादल छाने के चलते सूरज की तपन अपना प्रचंड दिखाने में विफल रही तो दूसरी ओर जिस तरह हवा चलते हुये देखी वह निश्चित तौर से ऐसा महौल बना दिया था कि मानों खुद देव लोक के स्वामी इस आयोजन में विराजमान होते हुये अपना आर्शीवाद प्रदान कर रहे है। इस तरह सुबह 6 बजे से विवाह सम्मेलन की शुरूआत होने के बाद दोपहर 12 बजे तक बेटियों के हाथ पीले होने के उपरांत बनाई गई सभी समितियों द्वारा दायित्व का निर्वाहन करते हुये समाज की बेटियों के चरण वंदन करते हुये विदाई दी गई।

## पुलिस की सक्रियता के चलते गाडरवारा पुलिस के हाथ लगे गांजा तस्कर तो पाठक की टीम ने मंदिर मे चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।







अक्सर देखा जाता है कि जब अधिकारियों में अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वाहन करने का जुनून होता है तो अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वाले पुलिस की पकड़ से अधिक दिनों तक दूर नही रह सकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस गाडरवारा टीआई अशोक चौहान व डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम द्वारा साबित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के कारोबार के चलते जब युवा इसकी लत का शिकार हो जाते है तो वह धन के आभाव में अपनी लत को पूरा करने के लिये चोरी सहित अन्य प्रकार के कृत्यों को अंजाम देने से नही चूकते है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये **OPERATION EAGLE CLAW** चलाया जा रहा है। इस मुहिम के चलते बीते हुये दिवस टीआई अशोक सिंह चौहान के मार्ग दर्शन में एस आई अर्जुन सिंह बघेल अपने हमराही स्टाफ के साथी वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, दीपक राजपूत, यश मेहरा, शुभम चौधरी, सुजीत बागरी, राम सिंह के साथ क्षेत्र भ्रमण गस्त कर रहे थें। इसी दौरान पुलिस द्वारा नगर की गोल्डन सिटी कालोनी के पास मोटर साईकिल से जा रहे दो युवको को संदेह के आधार पर जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों द्वारा अपना नाम नेपाल पिता छोटे सिंह राजपूत उम्र 35 साल निवासी ग्राम कैलकच्छ थाना सांईखेड़ा तो दूसरे ने अपना नाम प्रतिपाल पिता यशवंत सिंह राजपूत उम्र 34 साल निवासी ग्राम अंडिया थाना देवरी जिला रायसेन का होना बताया गया। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा इन संदिग्धों की तलाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को लगभग 2 किलो ग्राम गांजा मिलने के चलते पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 20 (बी), 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करते हुये गांजा सहित मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। इसी प्रकार से समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोगरगांव खेरापति मंदिर से जेबर सहित अन्य सामग्री होने की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक को आरोपियों की खोजबीन के लिये सख्त आदेश जारी किये गये थें। जिसके चलते पाठक की टीम द्वारा घटना के चंद घंटो के अंदर ही आरोपी को पकड़ते हुये चोरी की गई सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते हुये दिवस ग्राम डोगरगांव निवासी अनीस कौरव पुलिस थाना डोगरगांव में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि विगत रात में किसी अज्ञात चोर के द्वारा ग्राम के खेड़ापति माता मंदिर में माता के सोने चांदी के जेवर तथा दान पत्र को तोड़कर उसे पैसे चुरा लिए है । घटना को थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा गंभीरता से लेते हुये जहां प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(D) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध जांच में लिया गया। वही घटना की सच्चाई से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकश मीना द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिये दिये गये निर्देश के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक ललित डांगुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से तेज तर्रार व आरोपियों को एक नजर में पहचाने की क्षमता के लिये अलग पहचान बनाने वाले थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, उनि बबीता पहाड़े, प्र आर प्रकाश द्विवेदी, सउनि शिशुपाल चौधरी आरक्षक रंजीत राजपूत, आरक्षक सोबरन ठाकुर, आरक्षक सोनू सतारे को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान की गई। तत्पश्चात सघन तलाशी अभियान चलाकर आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर ही आरोपी नीतू उर्फ छुट्टन उर्फ मंजू पिता बिहारी रजक उम्र 22 साल निवासी डोगरगांव को जब अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा मंदिर मे चोरी करने की बात को स्वीकार करते हुये चोरी की गई। इसी के चलते पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात (कीमत लगभग 30,000 रूपया ) के तथा मंदिर की पेटी को तोड़ते हुये पार की गई नगद राशि 1,900 रूपया एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड को जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम द्वारा गांव के खेरापति मंदिर में हुई चोरी की घटना के आरोपी को चंद घंटों के अंदर खोजने में सफलता हासिल करते हुये गिरप्तार करने के साथ मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ करते हुये इस बात का पता किया जा रहा है कि कही अन्य जगहों पूर इस तरह और चोरी की घटनाओं को अंजाम तो नही दिया गया है..?

## लोगों ने अक्षय तृतीया के मौके पर घरों में कराई गुड्डा गुडिया की शादी



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हिन्दू संस्कृति के अनुसार निश्चित तौर से अक्षय तृतीया की शुभ बेला शादी के लिये प्रमुख मानी जाती है और इसी के चलते इस दिवस हर वर्ष शादियों की धूम देखने मिलती है। माना जाता है कि शास्त्रों के अनुसार इस दिवस शादी के कार्यक्रम बगैर मुहुर्त के आयोजित किये जा सकते है और इसी का परिणाम रहता था कि हर वर्ष जहां अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जहां तहां सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम देखने मिलती थी, तो दूसरी ओर शहरों के शादी घरों से लेकर सड़को पर देर रात तक बाराते लगने का महौल निश्चित ही शहरों को अनूखा रूप धारण करने से नही चूकता था। इसी प्रकार का हाल इस वर्ष भी देखने मिला कि सड़को पर दिन से लेकर देर रात तक बराते निकलते हुये देखी गई। वही अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मलेन होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा अक्षय तृतीया की परम्परा का निर्वाहन करते हुये अपने घरों में गुड्डा गुडिया की शादी कराते हुये उनका पूजन कर अपने धर्म व संस्कृति का निर्वाहन किया गया। इस तरह निश्चित तौर से अक्षय तृतीया का पावन पर्व शादी के लिये मुख्य होता है और हमारे शास्त्रों के अनुसार इस दिवस बगैर किसी मुहुर्त के शादी होने की जो परम्परा रही हे उसके अनुसार शादियों की धूम देखने मिलती है।

## अक्षय तृतीया के अवसर पर किसानों ने हल जोतकर की खेती की शुरूआत



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। किसानों के लिये अक्षय तृतीया का पावन पर्व मुख्य रहता है। बताया जाता है कि क्षेत्र के किसान इस दिवस के मौके पर अपने खेतों की जुताई करने की शुरूआत करते हुये। इस संबंध में बुजुर्ग किसानों का कहना है कि हर किसान होलिका दहन के मौके पर अपने हल बखर की पांस व दतुआ को होलिका दहन की तपन दिखाने के बाद संभालकर रख देते है। इसके बाद उनके द्वारा अक्षय तृतीय के मौके पर धरती माता का पूजन करते हुये खेतों में हल की जुताई करते हुये नये सिरे से खेतों की जुताई करना शुरू करते है। यह बात अलग है कि अब अलग अलग फसलों के पैदावार के चलते 12 माह खेतों में हलों से जुताई होते हुये देखी जाने लगी है। मगर पूर्व की परम्परा के अनुसार जब धरमी माता से किसानों द्वारा मात्र एक ही फसल ली जाती थी तो इस तरह अक्षय तृतीया का पर्व उनके लिये महत्वपूर्ण माना जाता था, जिसके चलते आज भी गांवों में अनेक किसानों द्वारा अपनी पुरानी संस्कृति को मानते हुये खेतों में पहुंचकर इस मौके पर धरती माता का पूजन करने के साथ साथ खेतों में जुताई का शुभारंभ करने से नही चूकते है।

## वर्षो पुरानी बिजली लाईनों के भरोसे चल रही अटल ज्योति योजना से परेशान हो रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज/ पलोहा बड़ा। जिस प्रकार से शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने की बात कहते हुए अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था जिसके चलते जहां लोगों में खुशी देखने मिल रही थी, मगर यह योजना इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में जिस प्रकार से वर्षो पुरानी बिजली लाईनों में चलते हुए देखी जा रही है उसके चलते ग्रामवासियों को सिर्फ परेशानी ही नही बल्कि इस योजना के तहत 24 बिजली मिल पाना मुश्किल हो रहा है? बताया जाता है कि इस योजना के तहत जिस प्रकार से सिंचाई हेतु अलग वह घरेलू उपयोग हेतु अलग अलग बिजली लाईनों का विस्तार करने के लिए निजी कंपनियों को ठेका देते हुए कार्य कराया गया था। मगर बिजली लाईनों का निर्माण करने वाले ठेकेदारों द्वारा पुराने ही बिजली तारों के माध्यम ही इस योजना को स्वरूप बदते हुए कम बोल्टेज वाले तारों पर हाई बोल्टेज की सप्लाई कर दी गई है जिसके चलते स्थिति इस प्रकार से निर्मित होते हुए देखी जा रही है कि वर्षो पुराने यह तार जहां हाई बोल्टेज को सहन नही कर पा रहा है, क्योंकि पहले ही लो वोल्टेज में आये दिन टूटते हुए देखे जाते थे और अब हाई वोल्टेज के चलते यह आये दिन टूटने के कारण जहां ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने की बात तो दूर खतरा साबित होते हुए दिखाई दे रहे है? इतना ही नही आये दिन तारों के टूटने के कारण जहां किसानों के खेतों में आगजनी की घटनाएं घटित होने के कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना तो करना ही पड़ रहा है, वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार की अटल ज्योति योजना पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए देखे जा रहे है?

## पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के पटैल वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह मुहल्ले की दुकान पर कुछ सामग्री लेने के लिये गया हुआ था। उसी दौरान मोईन खान, सरफराज खान तथा शानू खान मिले जो पुरानी रंजिश को लकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो शानू खान द्वारा लाठी से मारपीट की गई तथा मोईन खान द्वारा किसी चाकू जैसी बस्तु से व सरफराज द्वारा कुक्कों से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई।

## करोड़ों की लागत से बन रही सूखाखैरी बारहाबड़ा से सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण गुणवत्ता पर खड़े हो रहे सवाल?



हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा। सरकार द्वारा जिस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सुविधाएं प्रदान करने की सोच को ध्यान में रखते हुये करोड़ो रूपया खर्च करते हुये गांव गांव पक्की सुविधा जनक सड़को का निर्माण कार्य कराया जाता है, मगर निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा उन निर्माण कार्यो को अधिकारियों की मिलीभगत के माध्यम से किया जाता है वह चंद दिनों ही चल पाने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो रूपया की लागत से निर्मित होने जा रही सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य को देखते हुये जान पड़ रहा है? बताया जाता है कि इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य को लेकर निर्माण कार्य के शुरूआती तौर से ही सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि इस सड़क का जब निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के दोनों ओर लगे हुये सैकड़ो पेड़ो को कत्लेआम किया गया था। मगर वह पेड़ कहा गायब हो गये इस बात का आज तक किसी को पता नही है? वही दूसरी ओर जब सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो इस मार्ग पर बर्षो पुरानी बनी हुई पुलियों के ही भरोसे सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते जहां सड़क की लम्बी उम्र पर अपने आप ही विराम लगते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा था? मगर समय रहते हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि सड़क में जहां तहां निकल रही दरारे अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताते हुये दिखाई देने लगी है। इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटते हुये दिखाई पड़ रही इस सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिस गुणवत्ता के साथ यहां पर सड़क का निर्माण कार्य किया गया है वह निश्चित ही इस सड़क के लिये निर्धारित किये गये मापदंडो से काफी विपरित नजर आ रहा है जिसके चलते यह सड़क ज्यादा दिनों तक चल पाये यह संभव होते हुये दिखाई नही दे रही है। यदि निष्ठा के साथ इस सड़क निर्माण की जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने के साथ साथ अनेक जिम्मेदार अधिकारियों की कहानी उजागर होने से नही बच पायेगी?

खबर संक्षेप

## डीजल लूट का आतंक दिनदहाड़े चालक पर हमला

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में डीजल चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खुलेआम सड़कों पर वाहन रोककर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला 20 अप्रैल की सुबह लगभग 5:00 से 5:30 बजे के बीच का है, जब विरासिनी पंप और साधा मोड़ के बीच एक सुनियोजित तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया गया। सफेद रंग की कार में सवार 5-6 अज्ञात बदमाशों ने वाहन को जबरन रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पहले वाहन का कांच फोड़ा, फिर चालक लल्लू राम कोल (निवासी भालूमाड़ा) के साथ बेरहमी से मारपीट की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे इतना पीटा कि उसके सिर और जांघ में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी लगभग 200 लीटर डीजल लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय चालक कोयला खाली कर लौट रहा था और वाहन खाली था, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। इस पूरी वारदात ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जो बेखौफ होकर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ति चालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस गंभीर घटना पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## अवैध रेत खनिज चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

**बिजुरी।** 19 अप्रैल को ग्राम बहैहाटोला में मुक्तिधाम केवई नदी घाट में घेराबंदी कर एक लाल रंग का महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर रेड कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक भोलाचरण कोडाकू पिता हीरालाल कोडाकू उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्र.07 कपिलधारा कालोनी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर के विरुद्ध अपराध क्र. 138/2026 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, का पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. विश्वजीत मिश्रा, आर. प्रभाकर त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

## वैदिक मंत्रों के बीच अमजद खान की सनातन धर्म में वापसी, बने रामदास

**अमरकंटक।** भगवान परशुराम जयंती के पावन एवं आध्यात्मिक वातावरण में एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ अमजद खान ने सनातन धर्म में पुनः प्रवेश कर 'रामदास' नाम धारण किया। यह आयोजन श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। इस गरिमामय अवसर पर श्री नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी एवं पंडित नंदन द्विवेदी के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना, शुद्धिकरण एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ धर्म वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। संपूर्ण अनुष्ठान वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शांति कुटी आश्रम के महंत रामभूषण दास महाराज की उपस्थिति रही, जिन्होंने रामदास जी को गुरु दीक्षा प्रदान की। महंत जी द्वारा उन्हें गुरु मंत्र भी दिया गया, जिससे उनके आध्यात्मिक जीवन की नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हुआ। महंत जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सनातन धर्म सर्वसमावेशी, उदार एवं मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। धर्म वापसी के उपरांत

# बीईओ कार्यालय प्रांगण बजाग में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

**डिंडौरी।**




बीआरसी मैदान बजाग में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग के तत्वाधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 वर वधु विवाह बंधन में बंधे।समारोह में डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते जिला उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक एसडीएम रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत करंजिया और बजाग के 200 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। प्रशासन द्वारा सभी युगलों को टोकन प्रदान किए गए। बारात जनपद पंचायत प्रांगण से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए बीआरसी मैदान पहुंची जहां विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। धर्मगुरुओं ने मंत्रोच्चार के साथ सभी वर वधुओं का विवाह कराया। कार्यक्रम में नृत्य और गुदुम बाजा की प्रस्तुति ने आयोजन को आकर्षक बनाया।डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने नवविवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि विवाह विश्वास का बंधन है और जीवन की नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। उन्होंने सभी को माता पिता और परिवार का सम्मान करने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी।भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू नेताम ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए हर वर्ष एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संदेश दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने विवाह को जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि यह दो परिवारों को जोड़ने वाला पवित्र बंधन है जो विश्वास और समर्पण पर आधारित होता है।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाएं महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को सात संकल्प दिलाए जिनमें शिक्षा को बढ़ावा देना नशे से दूर रहना जल संरक्षण करना घर में तुलसी का पौधा लगाना वर्षा जल संचयन करना बड़ों का सम्मान करना और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखना शामिल है। उन्होंने अभिभावकों से बहुओं को बेटी के समान मानने की अपील भी की।

कलेक्टर ने पंडाल में पहुंचकर वर वधुओं से मुलाकात की और उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने सहायता के लिए अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया।कार्यक्रम में सभी वर वधुओं को 49000 रुपये की राशि ऑनलाइन उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। समारोह में दोनों पक्षों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ।


## भीषण गर्मी में बंद पड़ी प्याऊ से राहगीर परेशान



**अमरपुर।** भीषण गर्मी के बीच जनपद मुख्यालय अमरपुर स्थित रानी अवंती बाई तिराहे पर यात्रियों के लिए स्थापित सार्वजनिक प्याऊ अब तक चालू नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा ठंडे और शुद्ध पेयजल की सुविधा के लिए फ्रीजर तथा टोटी युक्त प्याऊ स्थापित कराई गई थी लेकिन यह अभी तक बंद पड़ी हुई है।

यह तिराहा अमरपुर का प्रमुख केंद्र है जहां दिनभर हजारों लोगों का आवागमन बना रहता है। यहां से खेरमाई चौक जनपद पंचायत तिराहा और अस्पताल मोहल्ला तक करीब एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में कहीं भी पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में यह प्याऊ आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती थी लेकिन लापरवाही के कारण यह केवल दिखावे तक सीमित रह गई है।बताया जा रहा है कि बिजली कनेक्शन और रखरखाव के अभाव में प्याऊ चालू नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस प्याऊ को चालू कराया जाए और प्रमुख तिराहों पर स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिल सके।

## धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**गाड़ासरई**



*डिंडोरी जिले के गाड़ासरई नगर में सोमवार को ब्राह्मण समाज के द्वारा परसुराम जयन्ती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । सुबह गाड़ासरई के पुरानी बस्ती दुर्गा मन्दिर प्रांगण में सभी लोग एकत्र हुए और भगवान परसुराम की पूजा अर्चना में शामिल होकर धर्मलाभ लिया । शाम चार बजे से भगवान परसुराम की शोभायात्रा को बड़े धूमधाम से पूरे नगर में निकला गया फिर दुर्गा मंदिर में समापन किया गया शोभयात्रा का साहू समाज के द्वारा तिलक बन्दन कर शोभयात्रा में शामिल लोगों को जलपान स्वल्पाहार कराया गया । शोभयात्रा में अन्य ग्राम के लोगो ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमे महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।*

# बजाग में सामूहिक विवाह के साथ स्व जनगणना की अनूठी पहल






**डिंडौरी।**

आकांक्षी विकासखंड बजाग में जिला प्रशासन की एक अभिनव पहल देखने को मिली जहां सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान ष्स्व जनगणनाष् को बढ़ावा दिया गया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 200 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।इस आयोजन की विशेषता यह रही कि विवाह स्थल को ही स्व जनगणना केंद्र में बदल दिया गया। प्रदेश में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चल रही ऑनलाइन स्व जनगणना को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यहां विशेष काउंटर लगाए गए। चार्ज बजाग जनगणना अधिकारी आशुतोष मिश्र के नेतृत्व में हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए जहां प्रशिक्षित कर्मचारी और शिक्षक लोगों की सहायता करते नजर आए।

कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। यहां पहुंचे जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और ग्रामीणों ने सेल्फी लेने के साथ ही स्व जनगणना की प्रक्रिया को समझा।सबसे खास पहल यह रही कि विवाह के तुरंत बाद कुछ नवविवाहित जोड़ों के स्व जनगणना फॉर्म ऑनलाइन भरे गए। इसके साथ ही विवाह में शामिल परिजनों को भी मोबाइल के माध्यम से फॉर्म भरना सिखाया गया। शिक्षकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को एक ही स्थान पर जागरूक कर इस कार्य को सफल बनाया।

आदिवासी बहुल वनांचल क्षेत्र बजाग में इस तरह की पहल बेहद प्रभावी साबित हुई। दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट और तकनीकी जानकारी के अभाव को देखते हुए प्रशासन ने सामूहिक आयोजन का उपयोग जागरूकता के लिए किया और हजारों लोगों को इससे जोड़ा।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस नवाचार की सराहना की। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि स्व जनगणना से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम रामबाबू देवांगन ने बताया कि इस पहल से एक ही दिन में सैकड़ों फॉर्म भरे गए।इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि शासकीय योजनाओं को सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़कर अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है।

# नर्मदा स्वच्छता अभियान में प्रशासन ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता की अलख जगाई

**डिंडौरी।**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को मां नर्मदा नदी की स्वच्छता के साथ नगर की साफ सफाई को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी। रविवार सुबह जिला प्रशासन नगर परिषद अमला और स्वयंसेवियों ने पुल के नीचे नर्मदा सफाई अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अभियान में भाग लेते हुए कहा कि नर्मदा की अविरल और स्वच्छ धारा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नदी में कचरा न डालें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि नर्मदा मैया से लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है इसलिए इसकी स्वच्छता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।






नर्मदा घाट पर स्नान कर रहे लोगों को समझाइश देते हुए कहा गया कि साबुन का उपयोग न करें और पूजा सामग्री तथा अगरबत्ती के रैपर डस्टबिन में डालें। नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर साबुन जब्त कर डस्टबिन में डलवाए और लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति कपड़े न धोए और साबुन का उपयोग न करे।

एसडीएम राम बाबू देवांगन ने नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि मुख्य मार्गों पर कचरा फेंकने वाले व्यापारियों को चिन्हित किया गया है। भारतीय नागरिक संहिता की धारा 152 के तहत ऐसे व्यापारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि व्यापारी सड़क पर कचरा न फेंकें बल्कि डस्टबिन का उपयोग करें ताकि कचरा संग्रहण में सुविधा हो।

एसडीएम ने दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए। इसके लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। समय सीमा के बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। साथ ही चौपाटी के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है और सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को जल्द ही वहां शिफ्ट किया जाएगा।

## डिंडौरी में बैगा समाज का ऐतिहासिक संगमः नई प्रदेश कार्यकारिणी ने दिया विकास और एकजुटता का संदेश



डिंडौरी न्यूज। जिला मुख्यालय डिंडौरी में बैगा आदिम जनजाति समाज विकास एवं कल्याण संघए मध्यप्रदेश की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी का प्रथम सम्मिलन एवं बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन की अधिसूचना भी जारी की गई।बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं एवं समाज के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

बैठक में प्रदेश संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश संरक्षक आशाराम भारतीयाए प्रदेश संयोजक पचलु सिंह भारतीयाए नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष दलबीर सिंह धुर्वेए प्रदेश सचिव दिनेश भारतीयए सह सचिव गुलाब सिंह मरावीए कोषाध्यक्ष शिव लाल धुर्वेए संस्कृति संरक्षक सोनसाय बैगाए प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह परस्तेए सह सचिव शिवकुमार परस्ते सहित रतन भारतीयए शनि लाल उईकेए मंगल पट्टाए बैसाखू सिंह लटुलियाए कुंवर सिंह सिलथरियाए अमर सिंह मरावी ;जिला अध्यक्ष डिंडौरीद्ध एवं मीडिया प्रभारी कमल सिंह धुर्वे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अलावा मंडलाए डिंडौरीए बालाघाटए अनूपपुर सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। महिला सहभागिता भी उल्लेखनीय रहीए जिसमें श्रीमती सरस्वती धुर्वे सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष दलबीर सिंह धुर्वे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके उपरांत अध्यक्ष द्वारा नवीन प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री धुर्वे ने समाज को संगठितए जागरूक एवं सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि बैगा समाज की परंपराओंए उपलब्धियों एवं अधिकारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होगी।उन्होंने समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठन के निर्धारित मापदंडोंए नियमों एवं अनुशासन का पालन करते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विश्वास जताया कि संगठन के विचारों पर समर्पित होकर कार्य करने से समाज निश्चित रूप से विकास की मुख्यधारा में स्थान प्राप्त करेगा।बैठक के अंत में आगामी कार्ययोजनाओं को संगठन के माध्यम से शीघ्र साझा किए जाने की बात कही गई। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआए जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र हर्रई अंतर्गत पठाराधार से अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो जाने के कारण जिला अस्पताल लाए गए युवक की यहां मौत हो गई। बताया गया है हर्रई थाना के अंतर्गत ग्राम औरपानी निवासी युवक उमाभारती काकोडिया पिता पूनाराम काकोडिया उम्र 24 वर्ष हर्रई से वापस अपने गांव औरपानी जा रहा था, रास्ते में पठाराधार के नीचे उसकी बाइक को किसी फोरव्हीलर वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नहर में गिरने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली के ग्राम खमरिया एवं आमगांव के बीच नहर में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र पिता सियाराम वंशकार उम्र 32 वर्ष निवासी बरमान कला के झिरना मोहल्ला थाना सुआतला नरसिंहपुर खमरिया एवं आमगांव के बीच नहर में गिर कर घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सलय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं मामले की जांच के लिए प्रकरण को सुआतला थाना भेजा जा रहा है।

### रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन में खनिज विभाग ने रविवार 19 अप्रैल 2026 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग ने एक ट्रेक्टर ट्राली खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर प्रकरण तैयार कर वाहन को पुलिस चौकी सिंहपुर की अभिरक्षा में रखा गया।

### शेख जुम्मन कुरैशी अपनी अहलिया अकीला के साथ हज यात्रा पर रवाना



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त शिक्षक जनाब शेख जुम्मन कुरैशी अपनी अहलिया अकीला कुरैशी के साथ हज यात्रा हेतु रवाना हुए।स्मरण रहे कि हज इस्लाम का पांचवां स्तंभ है। जिसमें साऊदी अरब के मक्का शरीफ एवं मदीना शरीफ में जाकर हज के खास अरकान किये जाते हैं।दुआयें मांगी जाती है।इस मुबारक मौके पर रवाना होने से पहले सभी परिजनों रिश्तेदारों मित्रों नगर के प्रतिष्ठित जनों द्वारा पुष्पाहारों से स्वागत करते हुए विदाई दी गई। अल्लाह से उनके हज को आसान करने कुबूल करने की दुआयें मांगी गई।

### जनगणना प्रगणकों सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**तेंदूखेड़ा ।** जनगणना के अंतर्गत प्रगणकों सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कन्या विद्यालय परिसर में प्रभारी तहसीलदार इमरान मंजूरी की उपस्थिती में शुरू हुआ। जिसमें प्रशिक्षक रजनीश जैन मुहम्मद समीम कुरैशी प्रवेश पटेल दशरथ पटेल के द्वारा फील्ड ट्रेनर के रुप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### रुसिया परिवार में शोक

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित रुसिया परिवार के सुनील रसिया सुशील रूसिया राजेश रूसिया (रूसिया ज्वेलर्स) की पूज्य माताजी की अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण देहावसान हो गया है। जिन्हें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई दिशा

# भूसा बैंक गौ-सेवा और नवाचार से बना प्रेरणादायक मॉडल









**प्राचीन काल से चली आ रही कहावत वर्तमान में सही साबित होती नजर आ रही है। इस कहावत को चरितार्थ करने मे प्रशासन ने भी भरपूर सहयोग किया और परिणाम स्वरूप सफलता मिलती नजर आ रही है। कहावत है कि जहां समस्या होती है, वहीं समाधान भी जन्म लेता है इस कहावत को जिले ने साकार कर दिखाया है।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिस नरवाई (फसल अवशेष) को किसान पहले बेकार समझ कर जला देते थे, वही आज जिले की गौशालाओं के लिए अमूल्य गो- ग्रास बन चुकी है। प्रशासन की दूरदर्शिता, युवाओं के नवाचार और किसानों के सहयोग ने मिलकर भूसा बैंक जैसी अनूठी पहल को जन्म दिया है, जो अब एक सफल मॉडल के रूप में उभर रही है। जिले में संचालित गौ शालाओं के लिए भूसा भी प्राप्त हो सकेगा।

### संकल्प से सिद्धि बना मील का पत्थर

जिले मे संचालित गौशालाओं मे भूसे की कमी के कारण आए दिन गौ वंशो की मृत्यु भी हो रही थी प्रशासन के सहयोग से गौ शालाओं हेतु पर्याप्त भूसा का उत्पादन व भंडारण भी किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि इस परिवर्तन की नींव 13 मार्च 2026 को रखी गई, जब बहोरीपार स्थित मुख्यमंत्री गौसेवा योजना गौशाला में 6 आधुनिक स्ट्रा-रीपर मशीनों को हरी झंडी दिखाई गई। यह पहल केवल मशीनों का संचालन नहीं, बल्कि गौवंश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम था। ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक सहायता से किए जा रहे भूसा संग्रहण के कार्य की प्रशंसा की जा रही है। उक्त कार्य में प्रशासन का सहयोग तथा समाजसेवी संस्थाओं की प्रेरणा सफलता की ओर अग्रसर है।

### युवा शक्ति और तकनीक का संगम

ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से त्रिनेत्री सेवा समिति डांगीढाना के युवाओं ने लॉटरी के जरिए 6 स्ट्रा-रीपर मशीनें खरीदीं। आज ये मशीनें प्रतिदिन लगभग 60 ट्रॉली भूसा तैयार कर रही हैं, जिससे गौशालाओं में चारे की कमी पूरी हो रही है। उमरिया गौशाला में 125 ट्रॉली की क्षमता के मुकाबले 250 ट्रॉली भूसा संग्रहित और श्रीनगर गौशाला (गोटेगांव) में 2500 क्विंटल भूसा संग्रह किया गया है। बरमान की हरसिद्धि और केरपानी गौशालाओं ने भी अब किराए के बजाय अपनी मशीनें खरीदकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पहल सिर्फ सेवा ही नहीं, बल्कि एक सफल आर्थिक मॉडल भी बन चुकी है। समीति द्वारा भूसा एकत्र कर जिले के गौ शालाओं को दिया जावेगा जिससे गौ वंशो के लिए संरक्षण का कार्य होगा। उक्त कार्य में प्रशासन द्वारा सीमति व ग्रामीणों का भरपूर सहयोग किया जा रहा है।

### क्षमता अनुरूप किया जा रहा भंडारण

जिले में संचालित करीब 300 स्ट्रा-रीपर मशीनें न केवल पर्यावरण को बचा रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी प्रतिदिन लाखों रुपये का योगदान दे रही हैं। इस सफलता के पीछे प्रशासन की सख्ती और संवेदनशीलता दोनों का संतुलन है। एक ओर नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया, वहीं दूसरी ओर किसानों को इसे गौशालाओं के लिए दान करने हेतु प्रेरित किया गया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मैपिंग और नोडल अधिकारियों द्वारा भंडारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बीते वर्ष जिले की गौशालाओं में 05 गौशालाएं 5000.क्विंटल भूसा संग्रह, 16 गौशालाएं 3000. क्विंटल भूसा संग्रह, 40 गौशालाएं 1500.क्विंटल भूसा संग्रह, एक मिसाल, पूरे प्रदेश के लिए है। क्षमता 10 डिब्बे (लगभग 80 क्विंटल) प्रतिदिन, लागत 1,150 प्रति डिब्बा, बाजार मूल्य 2,500 प्रति डिब्बा, शुद्ध लाभ 1,350 प्रति डिब्बा, प्रतिदिन आय लगभग 13,500 रूपए है। जिले के खेतों में धुआं नहीं, बल्कि समाधान दिखाई देता है। मशीनें गौवंश के लिए सालभर का चारा तैयार कर रही हैं। भूसा बैंक की यह पहल जीव-दया, पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण बनकर पूरे मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

## कलेक्टर ने किया ग्राम भामा व ढिलवार का गहन निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम भामा व ढिलवार में खेत तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अन्य अधिकारी-कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे। यहां कलेक्टर को अवगत कराया गया कि ग्राम भामा में कुल 80.74 लाख रुपये की लागत से 22 खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इससे करीब 60.13 हेक्टर रकबे में सिंचाई की जा सकती है। इसी तरह ग्राम पंचायत ढिलवार में 51.38 लाख रुपये की लागत से 14 खेल तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इन खेत-तालाबों में करीब 57400 से.मी. जल संग्रहण क्षमता है। इससे करीब 38.26 हेक्टर रकबे में सिंचाई की जा सकती है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्वपूर्ण घटक के रूप में पी.एम.के.एस.वाय. (प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना) वाटरशेड की 3 परियोजनाओं अंतर्गत निर्मित 108 फॉर्म पौंड चांवरपाठा जनपद के ग्राम भामा में हितग्राही हल्के भैया, गणेश केवट, वीरेंद्र ठाकुर, हिमांशु ठाकुर एवं ढिलवार में हितग्राही अन्नो बाई, शांति बाई, ओम प्रकाश मेहरा के निर्मित खेत तालाबों का निरीक्षण किया गया। हितग्राहियों ने बताया कि खेत-तालाब बन जाने से फसल सिंचाई के लिए सतही जल का विकल्प उपलब्ध हो गया है। जल प्रबंधन तथा भूजल भरण की दिशा में एक सार्थक कार्य है।

## मुख्य अभियंता का दौराः कई अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग की समाधान योजना 2025- 2026 को लेकर मुख्य अभियंता जबलपुर का नरसिंहपुर जिले में भ्रमण हुआ। उन्होंने कई अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई। सोमवार 20 अप्रैल को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के मुख्य अभियंता सरोज गिरिया ने नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत नरसिंहपुर संचा संधा संभाग के समस्त कार्यपालन अभियंता ओर सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता की समाधान योजना को लेकर समीक्षा बैठक लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य अभियंता श्री गिरिया के द्वारा वितरण केन्द्रवार समीक्षा की। जिसमें समाधान योजना में निम्न स्तर का परफॉर्म करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नाराजगी प्रगट की। जिसमें गोटेगांव ग्रामीण, करकवेल, गुंदरई, श्रीनगर को एक सप्ताह में सुधार परिलक्षित करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशीत किया गया कि प्रत्येक गांव गांव जाकर समाधान योजना का लाभ पहुंचाकर 30 अप्रैल तक 90 प्रतिशत तक हर हाल में अपने अपने वितरण केंद्र में समाधान योजना अंतर्गत राशि जमा करवा लेवे। साथ ही संख्या में भी 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएं। बैठक में सख्त लहजे में निर्देशित किया गया कि मुख्य अभियंता द्वारा राजस्व की समीक्षा भी की गई जिसमें पंप बिल शत प्रतिशत राशि जमा करवाना, जले ट्रांसफर समय सीमा में बदलना ओर सीएम हेल्पलाइन 1912 संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना व अटल ज्योति लाइन 24 घंटे ओर कृषि सिंचाई लाइन 10 घंटे निर्बाध रूप से देने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले कार्यपालन अभियंता एसटीएम प्रियंक दीपक ओर समस्त सहायक अभियंता ओर कनिष्ठ अभियंता बैठक में उपस्थित रहे।

## गेहूं उपार्जन एवं गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिले में चयनित 14 महिला स्व सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों को गेहूं उपार्जन प्रक्रिया एवं स्कंध की गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्व सहायता समूहों ग्राम संगठनों के अध्यक्ष, सचिव, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सर्वेयर मौजूद थे। प्रशिक्षण में जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र कुमार खोबरिया ने ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से गेहूं खरीदी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारत सरकार के पी.सी.एस.ए.पी. पोर्टल पर खरीदी केंद्रों से संबंधित 16 बिंदुओं की जानकारी विस्तार से समझाते हुए आवश्यक इंद्राज एवं फोटो अपलोड कर समय पर सबमिट करने के निर्देश दिए।



## अक्षय तृतीया पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस जिले भर में भगवान श्री परशुराम के प्राकट्योत्सव पर विविध आयोजन हुए। ब्राह्मण समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। रविवार को जिला मुख्यालय पर सनातन युवा ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी के पूजन अर्चन के साथ हुई। नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए समापन स्थल पर पहुंची। इस दौरान भगवान श्री परशुराम जी का माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन के साथ जय-जय परशुराम के नारे भी लगायें। वही लोगों द्वारा अपने घरों पर गुड्डा गुडिया का पूजन कर सात फेरे लगवाए गए। अक्षय तृतीया के दिन पूजन अर्चन कर नये घड़ों मे पानी भर कर दाना डाला जाता है जिससे आगामी वर्ष में होने वाले वर्ष की वारिश का अनुमान भी लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया का बहुत ही महत्व होता है।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मनाया जा रहा पोषण पखवाड़ा

तेंदूखेड़ा

इन दिनों चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें गर्भवती महिलाओं किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों को स्वस्थ और पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें संतुलित आहार स्वच्छता एनीमिया की रोकथाम एवं बच्चों के विकास को लेकर



भरपूर आहार हरी सब्जियां दालें फल एवं अनाज के सेवन के बारे में बताया जा रहा है। वहीं गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं प्रमुख रुप से उपस्थित हो रहीं हैं।

## विद्या पीठ में हुआ पूजन अर्चन

तेंदूखेड़ा

नगर के प्रतिष्ठित सद्गुरु विद्या पीठ परिसर में भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव महापर्व धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर नगर के सभी ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैदिक रीति नीति के साथ पूजन अर्चन किया। कन्या पूजन किया गया तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। भगवान परशुराम जी के बारे में विद्वान पंडितों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

